INDIAN SCHOOL SOHAR **SET -1**

FORMATIVE ASSESSMENT -1 (2014-15)

कक्षा : 10 **विषय : हिन्दी (पाठ्यक्रम ब)** **पूर्णांक : 20**

दिनांक : 01 -05-2014 **समय : 40 मिनट**

निर्देश : **1** इस प्रश्नपत्र में कुल **9** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न - 1 अपठित काव्यांश : **4**

पैदा करती कलम विचारों के जलते अंगारे ।

और प्रज्वलित प्राण देश क्या कभी मरेगा मारे ?

लहू गरम करने को रक्खो मन में ज्वलित विचार

हिंस्र जीव से बचने को चाहिए किंतु तलवार

एक भेद है और जहाँ निर्भय होते नर नारी

कलम उगलती आग जहाँ अक्षर बनते चिनगारी ।

जहाँ मनुष्यों के भीतर हरदम जलते हैं शोले

बातों में बिजली होती होते दिमाग में गोले

जहाँ लोग पालते लहू में हलाहल की धार

क्या चिंता यदि वहाँ हाथ में हुई नहीं तलवार।

ऊपर दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न - क) तलवार न होने की चिंता कहाँ नहीं रहती ?

प्रश्न - ख) तलवार व कलम किस किस के लिए जरूरी हैं ?

प्रश्न - ग) मन में ज्वलित विचार क्यों आवश्यक हैं ?

प्रश्न - घ) बातों व दिमाग में क्या -क्या होने की बात कही गई है ?

प्रश्न -2 फलों से लदा <u>पेड़</u> <u>कल</u> गिर गया । रेखांकित पदों के भेद लिखिए । **1**

प्रश्न - 3 स्पष्ट कीजिए कि शब्द पद का रूप कब लेता है ? **1**

प्रश्न - 4 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य बनाइए ः **1**

सिर पर नंगी तलवार लटकना

प्रश्न - 5 उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके खाली स्थान भरो ः **1**

जब से मोहन की लॉटरी लगी है तब से उसके.......................पड़ते हैं।

प्रश्न - 6 अंधे के हाथ बटेर लग गई । यह कथन भाई साहब ने किस संदर्भ में कहा ? **3**

प्रश्न - 7 बड़े भाई साहब की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **3**

प्रश्न - 8 कबीर की साखियों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **3**

प्रश्न - 9 कबीर ने अपना सबसे बड़ा शुभचिंतक किसे माना है और क्यों ? **3**

....